आकाशवाणी श्री विजयपुरम

26.11.2025 समय : 0705

- राष्ट्रपति, उप–राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की उपस्थिति में संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में छियहत्तरवां संविधान दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा।

- नागर विमानन मंत्रालय ने जानकारी देते हुए कहा इथोपिया ज्वालामुखी विस्फोट के बावजूद भारत में उड़ान संचालन सामान्य।

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में राजधानी श्री विजयपुरम में सौ प्रतिशत गणना प्रपत्र संग्रह पूरा हुआ।

- पत्तन प्रबंधन बोर्ड ने पोर्ट प्रवेश पासों के ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्ट प्रवेश प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत की है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में संविधान दिवस समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और दोनो सदनों के सांसद उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना पढ़ी जाएंगी। इसके अतिरिक्त संविधान का अनूदित संस्करण मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगू, उड़िया और असमिया सहित नौ भाषाओं में जारी किया जाएगा। इस अवसर पर एक स्मारक पुस्तिका भी जारी की जाएगी। इस वर्ष संविधान को अंगीकार करने के उपलक्ष्य में छियहत्तरवां संविधान दिवस मनाया जा रहा है।

<><><><><><><>

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा है कि इथियोपिया में ज्वालामुखी विस्फोट और राख के बादल के पूर्व की ओर बढ़ने से फिलहाल किसी तरह की चिंता नहीं है। मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया है कि भारत में उड़ान संचालन सुचारू रूप से जारी है, और केवल कुछ ही उड़ानों का मार्ग बदला गया है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने आवश्यक नोटिस जारी कर दिए हैं और प्रभावित सभी उड़ानों को लगातार जानकारी दी जा रही है।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव राजन सिंह आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार दो हजार पच्चीस प्रदान करेंगे। इस दौरान, पशुधन और डेयरी क्षेत्रों को मज़बूत बनाने के उद्देश्य से कई प्रमुख पहलों की शुरुआत की जाएगी। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण मोहाली मिल्क यूनियन मिल्क फेडरेशन के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम–सहायता प्राप्त बीस दूध टैंकरों को हरी झंडी दिखाना होगा। मंत्रालय ने आगे कहा कि यह महत्वपूर्ण पहल डेयरी आपूर्ति श्रृंखला अवसंरचना में सुधार और यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार के संकल्प को दिखाती है।

<><><><><><><>

जिला उद्योग केंद्र की ओर से ननकौड़ी में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और अन्य सरकारी योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के तहत बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए योजनाओं से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में आवेदन प्रक्रिया और दस्तावेज़ों को भरने में मदद भी दी जाएगी, जिससे स्थानीय उद्यमी इन योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–दो हजार पच्चीस की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और इस अभियान ने प्रशासनिक स्तर से लेकर जमीनी स्तर तक उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। श्री विजयपुरम क्षेत्र में इस अभियान को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। दक्षिण अंडमान जिले के श्री विजयपुरम तहसील के अंतर्गत भाग संख्या– एक सौ चालीस, श्याम नगर–1 की बूथ स्तर अधिकारी स्नेहा सिकदर ने अपने क्षेत्र में गणना प्रपत्रों का सौ प्रतिशत वितरण और संग्रहण

समय पर पूरा कर प्रशासन की सराहना प्राप्त की है। उनके उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देते हुए सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी कमलेश्वर राव ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिला प्रशासन ने भी ऐसे समर्पित ज़मीनी स्तर के कर्मियों की प्रशंसा की है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मध्योत्तर अंडमान जिले में भी बूथ स्तर अधिकारियों ने उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना प्रपत्रों के सौ प्रतिशत संग्रह और डिजिटलीकरण का कार्य सफलतापूर्वक करने पर सम्मान पाने वालो में डिगलीपुर तहसील के गैब्रियल तिर्की, मायाबंदर तहसील के नोएल बारला और दयाशंकर यादव तथा रंगत तहसील के रंजीत सोसन तिर्की, बिरसा उरांव और जोनी उरांव शामिल हैं। कार निकोबार जिले में पुनरीक्षण कार्य अट्ठाईस अक्टूबर से जारी है। कार निकोबार तहसील की दो बूथ स्तर अधिकारियों सेवेरीना और अलीशा मोना ने क्रमशः निन्यानब्बे दशमलव तीन सात प्रतिशत और सतानब्बे दशमलव दो आठ प्रतिशत डिजिटलीकरण का कार्य पूरा कर प्रशासन की प्रशंसा प्राप्त की। इन दोनों अधिकारियों को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला उपायुक्त की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। यह अभियान कार निकोबार के जिला निर्वाचन अधिकारी अमित काले के निर्देशन में संचालित हो रहा है।

<><><><><><><>

राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल विम्बर्लीगंज में दो दिवसीय करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 के तहत छात्रों को उनके करियर के विकल्पों और आवश्यक कौशल के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों को करियर अन्वेषण और कौशल विकास के लिए एक स्पष्ट मार्गदर्शन देना था। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें कानूनी, पुलिस, शिक्षा, पर्यटन, वाणिज्य, स्वरोजगार, वन, स्वास्थ्य, मनोविज्ञान और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्र शामिल थे। उन्होंने छात्रों को अपने–अपने क्षेत्रों में करियर के अवसरों और उनसे जुड़ी जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य और उप शिक्षा अधिकारी डॉ. के. मनोहरन ने उपस्थिति का स्वागत किया।

<><><><><><><>

पत्तन प्रबंधन बोर्ड ने पोर्ट प्रवेश पासों के ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्ट प्रवेश प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत की है। इस प्रणाली का उद्घाटन कल मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने किया। यह डिजिटल प्रणाली संचालन में पारदर्शिता लाएगी, सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करेगी और उपयोगकर्ताओं के लिए सुविधा प्रदान करेगी।

<><><><><><><>

पर्यावरण और वन विभाग ने ननकौड़ी, चौरा, और तिलोंगचांग द्वीपों के लिए एकीकृत तटीय द्वीप प्रबंधन योजना का मसौदा और कछाल और तेरेसा द्वीपों के लिए द्वीप तटीय विनियमन क्षेत्र योजना के मसौदे पर जन सुनवाई आयोजित करने की प्रक्रिया शुरू की है। ये जन सुनवाई चार दिसम्बर को ननकौड़ी द्वीप, पांच दिसम्बर को कछाल और छः दिसम्बर को चौरा तथा तेरेसा द्वीप पर आयोजित होगी।

<><><><><><><>

समावेशी शिक्षा के अंतर्गत ब्लॉक परियोजना कार्यालय, डिगलीपुर की ओर से कल ब्लॉक परियोजना अधिकारी सुलोचना के मार्गदर्शन में डिगलीपुर शैक्षिक अंचल क्षेत्र में पहली बार दिव्य कला मेला और दिव्यकला शक्ति दो हजार पच्चीस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कालीघाट के सीआरसी समन्वयक मनोरंजन मंडल ने समावेशी शिक्षा कर्मचारियों के सराहनीय प्रयासों की सराहना की। इस कार्यक्रम में रंगत स्थित ब्लॉक परियोजना कार्यालय से विशेष शिक्षिका नागवंती कुमारी ने बधिर छात्रों के लिए सांकेतिक भाषा, दुभाषिया और प्रशिक्षक के रूप में संचार को सुगम बनाया। दृष्टि बाधित छात्रों की सहायता के लिए, ब्रेल–आधारित कला और शिल्प लेबल, खाद्य स्टाल बोर्ड और मॉडल तैयार किए गए, जिससे पूर्ण पहुँच सुनिश्चित हुआ। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों, छात्रों और समुदाय के सदस्यों सहित लगभग दो सौ पचास प्रतिभागियों ने भाग लिया। मेले में एलटीएम सामग्री, एलटीएम पुस्तकालय प्रदर्शनी भी प्रदर्शित की गई।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा द्वीपसमूह में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण पड़ने वाले पर्यावरणीय प्रभाव का अध्ययन और नए द्वीपों की योजना बनाने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए प्रमुखता से छापा है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने विश्व रोगाणुरोधी जागरूकता सप्ताह के रूप में अनिम्स में संगोष्ठी का आयोजन करने के समाचार को प्रमुखता दी है। स्कूल सुरक्षा और संरक्षा पर शिक्षकों के लिए एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया ने सचित्र प्रकाशित किया है, जबकि मुख्य सचिव के पत्तन प्रबंधन बोर्ड द्वारा विकसित बंदरगाह प्रवेश प्रबंधन प्रणाली का उद्घाटन करने के समाचार को इको ऑफ इंडिया में जगह मिली है।

<><><><><><><>